## महत्वपूर्ण एवं खास

### पास्को एक्ट के प्रकरण में आरोपी को 10 साल की सजा

रायगढ़। 15 जनवरी को माननीय फास्ट ट्रेक कोर्ट रायगढ़ द्वारा नाबालिग से दुष्कर्म के मामले में सजा आरोपी को दोष सिद्ध पाते हुए पास्को एक्ट की धारा में आरोपी को 10 वर्ष की सश्रम कारावास एवं 2,000 रूपये के अर्थदंड देने का आदेश पारित किया है।

### उप अभियंता मुकेश चंद्राकर निलंबित

राजनांदगांव (आरएनएस)। कलेक्टर भीम सिंह ने नगर पंचायत छुरिया के उप अभियंता मुकेश चंद्राकर को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। कलेक्टर श्री सिंह ने उप अभियंता मुकेश चंद्राकर को अपने कर्तव्य में अनियमित रूप से उपस्थित रहने से शासन के महत्वकांक्षी योजनाओं के क्रियान्वयन पर विपरित प्रभाव पड़ने तथा समय-सीमा में कार्यों का संपादन नहीं होने के फ्लस्वरूप उनके विरूद्ध निलंबन की कार्रवाई की है।

### जनता की सहूलियत के लिए आरटीओ आफिस में ही खुलेगा लोकसेवा केंद्र

जगदलपुर (आरएनएस)। वाहनों की बढ़ती संख्या और बढ़ते उपभोक्ताओं के यातायात कार्यालय में आने से उन्हें नित्यप्रति परमिट, लायसेंस, फिटनेस सहित अन्य औपचारिकताओं के लिए लोकसेवा केंद्र की जरूरत होती है, लेकिन अभी आड़ावाल स्थित इस आरटीओ कार्यालय में यह सुविधा उपलब्ध नहीं है। लेकिन शीघ्र ही संभाग के इस कार्यालय में लोकसेवा केंद्र स्थापित करने के लिए जिलाधीश बस्तर को एक प्रस्ताव भेजा गया है। जैसे ही स्वीकृति प्राप्त होगी वैसे ही आरटीओ परिसर में लोकसेवा केंद्र की स्थापना कर दी जायेगी।

### हैदराबाद, अकोला, पूना के लिए नई बस सेवा को विधायक सत्यनारायण शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

रायपुर (आरएनएस)। मेट्रो स्टार बस सर्विसेस के तत्वाधान में नए बस स्टैंड में कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें रायपुर ग्रामीण विधायक एवं पूर्व मंत्री सत्यनारायण शर्मा के मुख्यअतिथि एवं पूर्व उपमहापौर गजराज पगारिया तथा बस एसोसिएशन के पदाधिकारियों की उपस्थिति में लंबी दूरी की तीन नई बसों को श्री शर्मा ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। मेट्रो स्टार सर्विसेस के पदाधिकारियों ने अतिथियों का पुष्पहार से जोरदार स्वागत किया। यात्रियों की सुविधा के लिए सर्व सुविधा युक्त नई बसें प्रतिदिन रायपुर से हैदराबाद 3.15 बजे, रायपुर से पूना 2.15 बजे, रायपुर से अकोला रात्रि 8 बजे एवं रायपुर से नागपुर रात्रि 10 बजे नए बस स्टैंड से रवाना होगी। इस मौके पर मेट्रो स्टार बस सर्विसेस एसोसिएशन के पदाधिकारी गण अकरम खान, रघुवीर सिंग, मस्तान खान, रशीद खान एवं प्रदेश कांग्रेस कमेटी के संयुक्त सचिव शेख शकील, राहुल पांडेय, नरेश दुबे आदि सैकड़ों की संख्या में उपस्थित थे।

### रायपुर नगर निगम ने बी.एस.यू.पी. योजना में दिया थर्ड जेंडर को 77 मकान

**घर मिलने से खुश ट्रांसजेंडर्स नगरीय प्रशासन मंत्री व महापौर का करेंगे सम्मान**

रायपुर (आरएनएस)। तृतीय लिंग समुदाय को रायपुर नगर निगम द्वारा आवासीय सुविधा उपलब्ध कराने से प्रसन्न नगरीय प्रशासन मंत्री मंत्री डॉ. शिव डहरिया, महापौर प्रमोद दुबे एवं कलेक्टर डॉ. बसव राजू एस. ,नगर निगम कमिश्नर रजत बंसल के प्रति आभार ज्ञापित करने आभार सम्मेलन व सम्मान समारोह का आयोजन किया गया है। यह आयोजन कल 17 जनवरी को सुबह 10 बजे बीएसयूपी कॉलोनी, हुंडई शो रुम की गली, दुर्ग रोड, टाटीबंध में होगा, जिसमें इस समुदाय से जुड़े छत्तीसगढ़ भर के सदस्य शामिल होंगे। यह आयोजन मितवा समिति द्वारा आयोजित है। छत्तीसगढ़ मितवा संकल्प समिति की अध्यक्ष विद्या राजपूत ने इस संबंध में बताया है कि माननीय सर्वोच्च न्यायालय के निर्देशों का पालन करते हुए छत्तीसगढ़ नगरीय प्रशासन एवं विकास विभाग के अंतर्गत आवास निर्माण योजनाओं में ट्रांसजेंडर (तृतीय लिंग) के लिए 2 प्रतिशत आरक्षण का प्रावधान किया गया।

# नक्सलियों ने यात्री बस में लगाई आग, यात्रियों के मोबाईल लूटे

**वारदात में मिलिशिया सदस्यों का हाथ**

जगदलपुर (आरएनएस)। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले में आज सुबह नक्सलियों ने एक यात्री बस को आग की लपटों में झोंक दिया। आगजनी में जनहानि की खबर नहीं मिली है।

पुलिस सूत्रों के अनुसार गीदम थाना क्षेत्र के कासोली सीएएफ कैम्प के समीप गीदम से छिंदनार जा रही यात्री बस को ग्राम छिंदनार-कासोली के मध्य नक्सलियों ने रोक लिया। घटनास्थल पर लगभग 12 नक्सली मौजूद थे, जो ग्रामीणों की वेशभूषा में थे और हाथ में परम्परागत हथियार थाम रखे थे। नक्सलियों ने बस में सवार यात्रियों को नीचे उतारकर उनके मोबाईल लूट लिए। तत्पश्चात स्वयं लाया पेट्रोल, बस में छिड़ककर उसे आग के हवाले कर दिया। बस जिला पंचायत के सदस्य चैतराम अटामी की है।

वारदात के संबंध में दंतेवाड़ा एसपी अभिषेक पल्लव ने बताया कि दरअसल नक्सली ग्राम छिंदनार में स्थापित हो रहे पुलिस कैम्प का विरोध कर रहे हैं और इलाके की सर्चिंग से इस बात का खुलासा हुआ है कि मौके पर काफी संख्या में नक्सली मौजूद थे, जो बड़े सुरोखी एवं कासोली कैम्प पर हमला करने की फिराक में थे। चूंकि वे अपने मंसूबे में कामयाब नहीं हो पाये, इसीलिए जंगल में भाग गये, किंतु उनके साथी मिलिशिया सदस्यों ने खीझ मिटाने आगजनी की घटना को अंजाम दिया है।

उन्होंने बताया कि ग्राम छिंदनार में कैंप के अलावे पुलिया निर्माण का काम प्रस्तावित है, जिसका नक्सली विरोध कर रहे हैं। विरोधवश ही उन्होंने पखवाड़े भर पूर्व ग्राम छोटेकड़मा की सरपंच की हत्या कर दी थी। उन्होंने बताया कि नक्सलियों ने यात्रियों से जो फोन लूटे थे, वे अब भी नेटवर्क में हैं। इससे यह प्रमाणित होता है कि हार्डकोर नक्सली भाग चुके हैं और बस जलाने में जनमिलिशिया सदस्यों का ही हाथ है, जो फोन नेटवर्क से सर्वथा अनजान हैं।



### नक्सलियों ने एनीकट निर्माण स्थल पर की तोड़फोड़

जगदलपुर (आरएनएस)। बुरगुम व तुरांगुर के बीच एनीकट बनाने का काम किया जा रहा है। यहां कुछ अज्ञात लोग पहुंचे उन्होंने अपने को माओवादी बताते एनीकट बनाने का विरोध किया। यहां एनीकट निर्माण के लिए रखे सीमेंट को भी उन्होंने पानी में फिंकवा दिया। इसके बाद काम रोकने की धमकी देते वे वहां से चले गए। इधर वहां काम कर रहे श्रमिकों ने इसकी जानकारी बुरगुम थाना में दी। एसडीओपी यूलंडन यार्क ने बताया कि अभी तफ्तीश की जा रही है कि धमकी देने वाले माओवादी है या नहीं। एहतियात बरतते निर्माण सामग्री व उपकरण को थाना में रखा गया है। पुलिस सुरक्षा में काम करवाया जाएगा।

## शराब दुकान कर्मचारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई

**60 लाख रूपये गाड़ी में छोड़कर शराब पीने में व्यस्त थे सभी कर्मचारी**

**सभी के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज**

रायपुर (आरएनएस)। राजधानी में एक अंग्रेजी शराब दुकान के कर्मचारियों की बड़ी लापरवाही सामने आई है। गोंदवारा अंग्रेजी शराब दुकान में काम करने वाले 4 कर्मचारी दुकान का 60 लाख रूपये को गाड़ी में छोड़कर खुद दुकान में जाकर शराब पीने में व्यस्त रहे। इस मामले की शिकायत पर पुलिस ने सभी कर्मचारियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत अपराध दर्ज करते हुए कार्रवाई कर रही है।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार शहर के गोंदवारा अंग्रेजी शराब दुकान में काम करने वाले कर्मचारी भावेश राकुंदला पिता द्वारिका दास 38 साल निवासी टिकरापारा रायपुर, दुलार सिंह पिता फेरहाराम कश्यप 32 साल, दीनेश साहु पिता हरनारायण साहु 32 साल निवासी संयासीपारा खमतराई एवं शरद ठाकरे पिता जगनलाल ठाकरे 20 साल निवासी चुनाभटटी गंज रायपुर कल दोपहर में शराब दुकान में ही शराब पीते पाये गये। बताया जा रहा है कि सभी कर्मचारी जिस समय शराब पी रहे थे उस दौरान शराब दुकान के 60 लाख 17 हजार 600 रूपये की बड़ी रकम चॉबी लगी गाड़ी में पड़े हुए थे।

### पीआईबी-आरओबी में स्वच्छता पखवाड़े की शुरूआत

रायपुर (आरएनएस)। पत्र सूचना कार्यालय और रीजनल आउटरीच ब्यूरो, रायपुर कार्यालय में स्वच्छता पखवाड़ा का उद्घाटन सुदर्शन पंतोड़े (अपर महानिदेशक, पीआईबी, रायपुर) ने किया। उन्होंने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को स्वच्छता की शपथ दिलाई। शपथ का संदेश अपने आसपास स्वच्छता रखना और स्वच्छता बनाये रखने के लिए 100 अन्य लोगों को स्वच्छता के प्रति जागरूक बनाये रखना है । पनतोड़े ने अधिकारियों एवं कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि स्वच्छता एक निरंतर प्रक्रिया है।


## गणतंत्र दिवस समारोह में इस बार पांच महिला जनप्रतिनिधि भी करेंगी ध्वजारोहण

रायपुर (आरएनएस)। गणतंत्र दिवस के अवसर पर इस बार जहां मुख्यमंत्री राजधानी रायपुर में आयोजित गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहरण करेंगे तो वहीं राज्य के पांच जिला मुख्यालयों में महिला जनप्रतिनिधि भी मुख्य अतिथि के रूप में ध्वजारोहण करेंगी और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगी।

संभवतः छत्तीसगढ़ राज्य में यह पहला अवसर होगा जब राज्य के पांच जिला मुख्यालयों में आयोजित 26 जनवरी गणतंत्र दिवस समारोह में पांच महिला जनप्रतिनिधि ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी देंगी और मुख्यमंत्री के संदेश का वाचन करेंगी। राज्य के पांच जिला मुख्यालयों में जिन महिला जनप्रतिनिधियों को गणतंत्र दिवस समारोह में मुख्य अतिथि बनाया गया हैं, उनमें-श्रीमती अंबिका सिंहदेव-कोरिया, श्रीमती रश्मि आशीष सिंह-बिलासपुर, श्रीमती कृष्णा बघेल जिला पंचायत अध्यक्ष मुंगेली, श्रीमती अनिला भेड़िया-बालोद, डा. लक्ष्मी ध्रुव-धमतरी में ध्वजारोहण करेंगी।

### संजीव कुमार की पति, पत्नी और वो के रीमेक में दिखेंगे कार्तिक आर्यन?

यह कहना गलत नहीं होगा कि साल 2011 में फिल्म प्यार का पंचनामा से बॉलिवुड में डेब्यू करने वाले कार्तिक आर्यन इस समय फिल्म



इंडस्ट्री के फेवरिट बने हुए हैं। उनकी पिछली फिल्म सोनू के टीटू की स्वीटी भी बॉक्स ऑफिस पर सुपरहिट थी। इसके बाद कार्तिक को कई फिल्में ऑफर हुई हैं। हालिया रिपोर्ट की मानें तो संजीव कुमार की साल 1978 में आई सुपरहिट फिल्म पति, पत्नी और वो का रीमेक बनने जा रहा है और इसमें लीड रोल के लिए कार्तिक को कास्ट किया गया है। ऑरिजनल फिल्म में संजीव कुमार के अलावा रंजीता, विद्या सिन्हा और ऋषि कपूर प्रमुख भूमिकाओं में थे। सूत्रों के मुताबिक, कार्तिक को इस फिल्म की स्क्रिप्ट काफी पसंद आई है और मेकर्स इसके प्लॉट से छेड़छाड़ नहीं करेगें केवल फिल्म को आजकल के माहौल जैसा बना दिया जाएगा।

### महेश बाबू के ऑपोजिट फिल्म में दिखाई देंगी कटरीना कैफ

जी हां, आपने सही पढ़ा है। अगर सब कुछ जैसा सोचा जा रहा है वैसा हुआ तो तेलुगू



फिल्मों के सुपरस्टार महेश बाबू बड़े पर्दे पर कटरीना कैफ के साथ इश्क लड़ाते नजर आ सकते हैं। बताया जा रहा है कि डायरेक्टर सुकुमार अपनी अगली फिल्म में लीड रोल में इन दोनों सितारों को लेना चाहते हैं।

हालांकि अभी तक इस फिल्म का टाइटल तय नहीं हुआ है लेकिन डायरेक्ट इस फिल्म में महेश और कटरीना को साथ में साइन करने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। अभी तक फिल्म के बारे में कोई ऑफिशल अनाउंसमेंट नहीं हुआ है लेकिन महेश बाबू पहले ही फिल्म के लिए अपनी सहमति दे चुके हैं और अब कटरीना के रिस्पॉन्स का इंतजार किया जा रहा है।

## कर्जमाफी : जनसंपर्क में जनता जता रही कांग्रेस का आभार

### गांव-गांव पहुंच जनसंपर्क कर रहे विधायक विनोद

महासमुंद (आरएनएस)। विधायक बनने के बाद विधानसभा के विभिन्न गांव पहुंचे विधायक विनोद चंद्राकर का ग्रामीणों ने गर्मजोशी के साथ स्वागत किया। विधायक चंद्राकर ने ग्रामीणों को आश्वस्त किया कि कांग्रेस पर जो विश्वास जताया गया है, उस पर खरा उतरने हरसंभव प्रयास होगा। मंगलवार को विधायक ग्राम मोंगरा, साल्हेभाठा, शेर, मोरधा, धनसुली, मुरकी व कनेकेरा में जनसंपर्क कर ग्रामीणों का आभार जताया। विधायक चंद्राकर सर्वप्रथम ग्राम मोंगरा पहुंचे। यहां ग्रामीणों ने आतिशबाजी के साथ उनका स्वागत किया। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल किसान पुत्र है और उन्हें किसानों का दुख दर्द पता है। यही कारण है कि घोषणा पत्र के अनुरूप शपथ ग्रहण के तत्काल बाद मुख्यमंत्री ने कर्जमाफी का वायदा पूरा किया। कांग्रेस संकल्प पत्र को पूरा करने कृत संकल्पित है। सभी घोषणाओं को पूरा किया जाएगा। कार्यक्रम में मौजूद विधायक प्रतिनिधि दाऊलाल चंद्राकर ने भी संबोधित करते हुए कहा कि पूर्ववर्ती सरकार के कार्यकाल में किसान परेशान थे और आत्महत्या करने मजबूर हो रहे थे। किसानों के दर्द को कांग्रेस ने समझा है। इस अवसर पर निर्मल जैन, मोंगरा सरपंच फुलेश्वरी दीवान, किरण साहू, मोती साहू, उभयराम राम साहू, छगन साहू, ईश्वर, तुलसी साहू, पिताम्बर दीवान, वीणा बाई, गोपाल, भारत लाल साहू, हीरा सेन, सुमित्रा साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन गोपी कन्नौजे ने किया। इसी तरह विधायक चंद्राकर का साल्हेभाठा पहुंचने पर ग्रामीणों ने आत्मीय स्वागत किया। विधायक चंद्राकर ने ग्राम मोरधा, धनसुली, मुरकी व कनेकरा में जनसंपर्क कर ग्रामीणों का आभार जताया।

## पेट की बढ़ती चर्बी को कम करने के ये आसान उपाय



आपके इन सवालों का जवाब हमारे पास है। कुछ बातों कोनजरअंदाज करने से पेट बाहर निकल जाता है, जिससे पूरे शरीर का आकार खराब दिखने लगता है।

सप्ताह में 1 बार पेट पर उबटन लगा कर स्नान करें। इस से पेट की त्वचा में कसाव आता है। बादी पैदा करने और चरबी बढाने वाली चीजें अधिक मात्रा में खाने से भी पेट का आकार बेडौल होता है। इस तरह का खाना खातौर पर रात में न खाएं। व्यायाम के बाद प्यास लगने पर अधिक मात्रा में पानी पीना भी पेट के आकार को बिगाडता है। कम से कम 15-20 मिनट रूक कर पानी पीएं। खाना खाता समय पानी न पीएं। भोजन के करीब आधे घंटे कुनकुना पानी पीएं।

कुछ बातों को नजर अंदाज करनेसे पेट बाहर निकल जाता है, जिससे पूरे शरीर का आकार खराब दिखने लगता है। आइए, जानें कि पेट को सुडौल कैसे बनाया जाए-अक्सर हम सभी के मन में सवाल उठता है कि खाने की तलब को कैसे कंट्रोल किया जाए। या फिर यह कैसे मुमकिन है कि हम पसंद का खाएं और फिर भी वजन न बढे।

### पूर्ण शराबबंदी सहित 5 सूत्रीय मांगों को लेकर धरना

महासमुंद (आरएनएस)। प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी सहित 5 सूत्रीय मांगों को लेकर महिला विकास कल्याण संस्थान के बैनर तले आज यहां लोहिया चौक में एक दिवसीय धरने का आयोजन किया गया। संस्था के अध्यक्ष श्रीधर चंद्राकर ने शासन से प्रदेश में पूर्ण शराबबंदी सहित विभिन्न मुद्दों को लेकर आवाज उठाई इस दौरान धरने को समिति के कई लोगों ने संबोधित किया और मांग पूरी करने की अपील की।

लोहिया चौक में दोपहर 1 बजे से प्रारंभ हुए इस धरने के लिए आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के अलावा शहर के विभिन्न वार्डों से नागरिक यहां पहुंचे जिनमें पार्वती यादव, सोनिया यादव, कुमारी यादव, कुमारी साहू, सकुन यादव, चंदा यादव, सरोज यादव आदि उपस्थित थे। समिति ने आंदोलन के माध्यम से छत्तीसगढ़ में पूर्ण शराबबंदी किए जाने की मांग के साथ ही वृद्धा, परित्यक्ता, विधवा को फरवरी माह से एक हजार रुपए दिए जाने, किसान पेंशन योजना में किसान की उम्र 60 से 50 करने और माह फरवरी से योजना लागू करने मुख्यालय के तहसील अनुविभागीय अधिकारी कार्यालयों में किसानों के लंबित राजस्व प्रकरणों का निराकरण करने, आबादी सर्वे की गई लेकिन सरकार बदलने के कारण पट्टे प्राप्त नहीं हो रहे हैं।

## जेल कर्मियों ने भी पुलिस जैसी सुविधायें मांगी

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। जिला जेल में कार्यरत जेल कर्मियों के परिवार ने मुख्यमंत्री के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा। जिसमें जेल प्रहरी व मुख्य प्रहरी को पुलिस विभाग के समान वेतन, भत्ता व अन्य सुविधाएं देने सहित कुल 8 सूत्रीय मांगें हैं।

जेल कर्मियों के परिजन उषा मरकाम, जिसरी बाई, शीला यादव, दीपा नागेश, रितेश यादव, अनिता यादव, बृजलाल, बाबूलाल, सीमा साहू, हिमानी, सावित्री, केसर, ललिता सहित अन्य ने बताया कि कर्मचारी जेल के अंदर कई तरह के गंभीर धारा के अंतर्गत निरूद्ध खतरनाक बंदियों के बीच जान जोखिम में डालकर विषम परिस्थितियों में निहत्थे अपनी सूझबूझ से कर्तव्यों का निर्वहन, खूंखार बंदियों को नियंत्रित करते हैं। एक कर्मचारी लगभग 400 से 500 बंदियों की देखरेख अपनी विवेक से करता है। बंदी किसी भी समय हमला कर सकते हैं।

साप्ताहिक व शासकीय अवकाश भी नहीं मिलता। पूर्व गृह जेल मंत्री रामविचार नेताम ने जेल कर्मचारियों को एक महीने का अतिरिक्त वेतन देने के साथ ही प्रहरी वर्ग में भर्ती होने वाले कर्मचारियों के पदोन्नति के लिए कई पद सृजन की घोषणा की थी जो अब तक पूरी ही नहीं हो पाई है। ऐसे में अब नई सरकार से मांग है कि हमारी इन सारी मांगों को पूरा करें।

### नक्सली प्रताड़ना से गांव छोड़े लोगों ने एसपी से की मदद की गुहार

**नक्सल प्रताड़ितों को मिलेगा पुनर्वास नीति के तहत सहयोग - एसपी**

दंतेवाड़ा (आरएनएस)। दंतेवाड़ा बारसूर थाना क्षेत्र के तोड़मा गांव के 20 से ज्यादा लोगों ने नक्सल प्रताड़ना से तंग आकर गांव छोड़ दिया है। रोटी व आवास के लिए परेशान हो रहे हैं। यह लोग कलेक्टोरेट गए।

पीड़ित ग्रामीण रतनलाल कवासी, सविता पोयामी, मनीषा, सुकनी, काड़े, जमली, दुलारी, फूलमती, जोगा, सुदन सहित अन्य ग्रामीणों ने बताया कि दिसंबर में वे गांव छोड़कर शहर की ओर आए हैं। एक महीने से रिश्तेदारों व परिचितों के घरों में शरण लिए हुए हैं। अब यहां भी समस्या खड़ी हो रही है। खाने को अनाज है न पहनने को कपड़े न कोई काम। सरकार की पुनर्वास नीति का लाभ मिले इसलिए कलेक्टर के पास मदद के लिए आए हैं। इसके पहले इन ग्रामीणों ने एसपी डॉ अभिषेक पल्लव से भी मुलाकात की थी।

### भाजपा कोर ग्रुप की हुई बैठक

रायपुर। लोकसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर आज भारतीय जनता पार्टी छग प्रदेश की कोर ग्रुप की बैठक एकात्म परिसर भाजपा कार्यालय में आयोजित की गई। इस बैठक में भाजपा के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री डॉ. रमन सिंह, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष धरमलाल कौशिक, राज्यसभा सदस्य सरोज पाडेय, संगठन, केन्द्रीय मंत्री विष्णुदेव साय भी मौजूद रहे।

### 'इंडियन 2' को एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देख रही हैं काजल अग्रवाल

फिल्म निर्माता एस. शंकर ने पोंगल के मौके पर अपनी अगली फिल्म 'इंडियन 2' की पहली



झलक जारी की, जिसमें अभिनेता-राजनीतिज्ञ कमल हासन भी प्रमुख भूमिका में हैं।

शंकर ने एक ट्वीट के माध्यम से पोस्टर साझा किया और सभी को पोंगल की शुभकामनाएं दीं।

पोस्टर के माध्यम से, यह पता चला है कि फिल्म की शूटिंग शुक्रवार से शुरू होगी।

वर्ष 1994 की तमिल फिल्म 'इंडियन' के सीक्वल में काजल अग्रवाल प्रमुख भूमिका में हैं।

काजल ने फिल्म में अपनी भूमिका के लिए पहले से ही तैयारी शुरू कर दी है। उन्होंने बताया कि वह 'इंडियन 2' को करियर के एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखती हैं।

उन्होंने कहा, ''मैं इस परियोजना का हिस्सा बनकर रोमांचित हूं।